झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबागान, नामकोम, राँची–834010,

e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

विज्ञापन संख्या–01/2026 एवं 02/2026

झारखण्ड तकनीकी/विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2026

आवश्यक सूचना सं० 01

दिनांक–08.06.2026

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के विज्ञापन सं० 01/2026 एवं 02/2026 द्वारा विज्ञाापित झारखण्ड तकनीकी/विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2026 (नियमित एवं बैकलॉग) के अंतर्गत सम्मिलित पदों, प्रारंभिक परीक्षा एवं ऑनलाईन आवेदन की तिथियों में निम्नवत् संशोधन किया जाता हैः–

2. विज्ञापन सं० 01/2026 एवं 02/2026 द्वारा विज्ञाापित झारखण्ड तकनीकी/विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2026 (नियमित एवं बैकलॉग) के अंतर्गत शामिल पद **सहायक वैक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी** एवं **निरीक्षक, वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम** तथा **कनीय वैज्ञानिक सहायक, राज्य औषधि जाँच प्रयोगशाला, नामकुम, राँची** (विवरणिका की कंडिका 3 के क्रम संख्या 02, 03 एवं 08) एवं उक्त पदों के लिये अंकित विशेष प्रवधानों को विज्ञापन से विलोपित किया जाता है।

3. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड के अधिसूचना सं० 5562 दिनांक 19.09.2025 द्वारा अधिसूचित झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा (स्नातक स्तर तकनीकी/विशिष्ट योग्यता वाले पद) संचालन (संशोधन) नियमावली, 2025 के आलोक में विज्ञापन सं० 01/2026 एवं विज्ञापन सं० 02/2026 के अंतर्गत निर्गत विवरणिकाओं की प्रारंभिक परीक्षा में न्यूनतम अंक संबंधी प्रवधान को कंडिका 19.1 (च) के अन्तर्गत निम्नवत् सम्मिलित किया जाता है :–

"19.1 (च) प्रारंभिक परीक्षा के अन्तर्गत न्यूनतम अंक संबंधी प्रवधान निम्नवत् तालिका के अनुसार होगी"

क्र०	आरक्षण कोटि	न्यूनतम प्राप्तांक
1	अनारक्षित /आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	– 40 (चालीस) प्रतिशत
2	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं महिला	– 32 (बत्तीस) प्रतिशत
3	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग –(अनुसूची–1)	– 34 (चौंतीस) प्रतिशत
4	पिछड़ा वर्ग अनुसूची–2	– 36.5(साढ़े छत्तीस) प्रतिशत
5	आदिम जनजाति	– 30 (तीस) प्रतिशत

4. विज्ञापन सं० 01/2026 एवं विज्ञापन सं० 02/2026 के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन की तिथियों में निम्नवत् संशोधन किया जाता है :–

क) रजिस्ट्रेशन करने तथा सूचना दर्ज करने हेतु – दिनांक–15.06.2026 से दिनांक 14.07.2026 की मध्य रात्रि तक।

ख) परीक्षा शुल्क भुगतान करने तथा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए – दिनांक 17.07.2026 की मध्य रात्रि तक।

ग) अशुद्ध प्रवष्टि को संशोधित करने के लिए – दिनांक–20.07.2026 से दिनांक–24.07.2026 की मध्य रात्रि तक।

5. विज्ञापन सं० 01/2026 एवं विज्ञापन सं० 02/2026 के अन्तर्गत निर्गत विवरणिकाओं की शेष कंडिकाएँ यथावत् रहेंगी।

ह०/–

परीक्षा नियंत्रक।